(12)

20.jpg

अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (उ०प्र०)

(All India Survey on Higher Education)

Phone No: 0522- 2287977

Email: aishecellup@gmail.com

पत्रांक : 20 /SNO-UP /AISHE/ 08 / 19 दिनाक : 15/01/2020.

सेवा में,

समस्त निदेशक / कुलसचिव / नोड्ल अधिकारी,
उच्च शिक्षा संस्थान / विश्वविद्यालय,
उ0प्र0।

विषयः— अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण में सहयोग / प्रोत्साहित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि वित्तीय वर्ष 2019—20 का अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा प्रारम्भ किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि सर्वेक्षण में गत् शैक्षिक वर्ष में उत्तर प्रदेश के समस्त संस्थानों के डी0सी0एफ0 / टी0आई0एफ0 डाटा अपलोड़ करने का प्रतिशत 75 से भी कम था। जिस पर भारत सरकार द्वारा अत्यन्त ही खेद व्यक्त किया गया है तथा प्रकरण को गम्भीरता से लिया गया है।

सूच्य है कि उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालयों द्वारा आयोजित परीक्षाओं हेतु परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण हेतु शासनादेश सं0 01 / 2020 / 17 / सत्तर—1—2020—16(9) / 2018 दिनांक 03 जनवरी, 2020 में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि जिन महाविद्यालय / विश्वविद्यालयों द्वारा अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण के पोर्टल पर डाटा अपलोड़ नही किया गया है। उन्हे परीक्षा केन्द्र न बनाया जायें। जिसका कड़ाई से अनुपालन किया जाना अपेक्षित है। अनुपालन न किये जाने की स्थिति में वर्तमान शैक्षिक सत्र 2019—20 में जिन संस्थानों द्वारा अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण के पोर्टल में समय से डाटा अपलोड़ नही किया जायेगा, उन संस्थानों की मान्यता / सम्बद्धता स्थायी रूप से भविष्य में समाप्त किये जाने की कार्यवाही की संस्तुति नियमानुसार शासन को की जायेगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने मण्डल / परिक्षेत्र के समस्त विश्वविद्यालयों / महाविद्यालयों / पैरामेडिकल महाविद्यालय / मेडिकल / फॉमेसी / पॉलीटेक्नीक संस्थाओं को अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण में प्रतिभाग करने हेतु आदेश देने का कष्ट करें। मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा डाटा अपलोड़ करने की तिथि 01 जनवरी, 2020 से 31 मार्च, 2020 तक निर्धारित की गई है।

भवदीय,

Sanjay

(संजय कुमार दिवाकर)
राज्य नोडल अधिकारी

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ :—

1. उप निदेशक (AISHE Cell), मानव संसाधन विकास मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, पी0एम0 एवं सांख्यिकी विभाग, नई दिल्ली।

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

समयवद्ध/सर्वोच्च प्राथमिकता

ख्या : सम्बद्धता/2020/01-1645 **दिनांक : 17 /01/2020**

लिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु0 प्रेषित—

ाचार्य, समस्त महाविद्यालय (सम्बद्ध दी0द0उ0 गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर) को इस आशय से प्रेषित कि पत्रांक 20/SNO-UP/AISHE/08/19 5-01-2020 के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करने कष्ट करें। यदि पत्र के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित नहीं की जाती है तो महाविद्यालय की म्बद्धता स्थाई रुप से भविष्य में समाप्त किये जाने की कार्यवाही की संस्तुति नियमानुसार की जायेगी।

वविद्यालय वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना विश्वविद्यालय से सम्बद्ध **समस्त महाविद्यालयों** के लागिन में अपलोड करने का कष्ट

अधिकारी कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ

कुलसचिव